महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाऍ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2023/4300 **लखनऊ : दिनांक 13/09/2023**

विषयः–सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2023 के परीक्षा परिणाम विषयकं।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु03/2023/4270 दिनांक 12/09/2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि परीक्षा परिणाम में संशोधन हेतु अपने संस्था के छात्र/छात्राओं को परिषद कार्यालय न भेजे। अनुभाग 3 की ईमेल आईडी bteanu3@gmail.com के माध्यम से ही आवेदन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। यदि आपके संस्था के छात्र/छात्राऍ परिषद कार्यालय आते हैं तो यह माना जायेगा कि आपके द्वारा छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम को पूर्ण कराने में रूचि नही ली जा रही है। परन्तु अत्यन्त खेद का विषय है कि कतिपय संस्थाओं के छात्र/छात्राऍ परिषद कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं, जो कि अन्यथा की स्थिति है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के छात्र/छात्राओं को परिषद कार्यालय में न आने दें। छात्र/छात्राओं के आवेदन को संकलित करते हुए केवल अनुभाग 3 की ईमेल आईडी bteanu3@gmail.com के माध्यम से ही आवेदन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/2023/4301-03 **तद् दिनांक 13/09/2023**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव